Fortnightly per copy Rs. 12/-

18th February 2024

ओ३म्

आर्य जीवन

ఆర్య జీవన్

संस्कृति संरक्षण व सामाजिक परिवर्तन का संकल्प

హిందీ-తెలుగు ద్విభాషా పక్ష పత్రిక

Website : http://www.aryasabhaapts.org

Narendra Bhavan Phone No. : 040 24760030

Date of Publication 2nd and 17th of every Month, Date of Posting 3rd and 18th of every Month

चलो हैदराबाद! चलो हैदराबाद!! चलो हैदराबाद!!!

निजाम हैदराबाद के अत्याचारों से संघर्ष करने वाले आर्यों का निमंत्रण

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि के तत्वावधान में

आर्य समाज नलगोंडा के सौजन्य से

महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जन्म जयन्ती एवं
आर्य समाज नलगोंडा के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में

विशाल राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन

दिनांक – 1, 2 एवं 3 मार्च, 2024 ● स्थान – आर्य समाज नलगोंडा, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)

मुख्य अतिथि

विश्व विख्यात योग गुरु
स्वामी रामदेव जी महाराज



कार्यक्रम

200 कुण्डीय यजुर्वेदीय महायज्ञ का भव्य आयोजन

1 मार्च, 2024 (शुक्रवार) को
सायं 4 बजे से शुभारम्भ

राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन
2 मार्च, 2024 (शनिवार)

राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन
3 मार्च, 2024 (रविवार)

ऐतिहासिक शोभा यात्रा 2 मार्च, 2024 (शनिवार) को

इस राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के आर्य नेता, विद्वान्, प्रसिद्ध भजनोपदेशक तथा यज्ञ को सम्पन्न करवाने के लिए गुरुकुलों के आचार्य/आचार्या, ब्रह्मचारी/ब्रह्मचारिणी आदि पधार रहे हैं। इस आर्य महासम्मेलन में दक्षिण भारत की समस्त आर्य समाजों तथा आर्य परिवारों से और सामाजिक व सांस्कृतिक सुधारवादी परम्पराओं में विश्वास रखने वाले हजारों भाई–बहन पधार रहे हैं। देश के समस्त आर्यजनों से निवेदन है कि उपरोक्त महासम्मेलन में भारी संख्या में प्रधारकर महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जन्म जयन्ती को ऐतिहासिक बनायें। निजाम हैदराबाद के अन्याय एवं अत्याचारों से संघर्ष करने वाली आर्य जनता हजारों की संख्या में महर्षि को स्मरण करने के लिए एकत्रित होगी। आप भी पधारकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बनें।

स्वामी आर्यवेश
महासम्मेलन अध्यक्ष

प्रो. विट्ठलराव आर्य
महामंत्री सार्वदेशिक सभा



पं. माया प्रकाश त्यागी
कोषाध्यक्ष सार्वदेशिक सभा

स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती
सान्निध्य

निवेदक – आर्य प्रतिनिधि सभा आन्ध्र प्रदेश+तेलंगाना एवं आर्य समाज नलगोंडा ● मो.:–9849560691

॥ ఓ౩మ్ ॥

ఆర్య సమాజము నల్లగొండ 100 సం॥రాలు పూర్తి చేసుకుంటున్న సందర్భంలో

ఆర్య ప్రతినిధి సభ ఆ.ప్ర.-తెలంగాణ సౌజన్యంతో

మహర్షి దయానంద సరస్వతి

ద్విశత జన్మ జయంతి మహాసభలు

1, 2, 3 మార్చి 2024 తేదిలలో నల్లగొండ ఆర్య సమాజ ప్రాంగణంలో జరుగును.

మహాసభలను ప్రారంభించుటకు
విశ్వప్రసిద్ధులైన యోగ గురువు

స్వామి రామ్‌దేవ్ గారు

ముఖ్య అతిథిగా విచ్చేయుచున్నారు.

జాతీయ మహాసభలు మార్చి 2న ప్రారంభింపబడతాయి.
జయంతి సమావేశాలలో ఆర్య సమాజానికి సంబంధించిన
జాతీయ నాయకులు, వేదవిద్వాంసులు, సాధువులు, యజ్ఞ నిర్వాహకులు
భజనోపదేశకులు, గురుకుల ఆచార్యులు, బ్రహ్మచారులు తదితరులు అనేకమంది
ఉత్తర మరియు దక్షిణ భారతదేశము నుండి విచ్చేయుచున్నారు.
జయంతి సమావేశాలు మార్చి 1వ రోజున 200 యజ్ఞకుండాల
యజ్ఞము ద్వారా స్వామి ప్రణవానంద సరస్వతి గారు మరియు
స్వామి ఆర్యవేశ్ గార్ల ఆధ్వర్యంలో ప్రారంభించబడును.
సస్వర వేదపఠనము ద్వారా 200 యజ్ఞకుండాలతో నిర్వహించబడే ఈ యజ్ఞము
ఒక చారిత్రాత్మకమైనది. వేద సంస్కృతిని, భారత సంస్కృతిని దిగ్‌దిగంతరాలకు వ్యాపింపజేసే
ఒక అద్భుతమైన కార్యక్రమం. ఇది భారత సంస్కృతిపైన స్వాభిమానము గల ప్రతి ఒక్కరికి అరుదైన
అవకాశమును కల్పించుచున్నది. కావున తమరందరు మరియు ఆర్య బంధువులు,
ఆర్య సమాజ అధికారులు, కార్యకర్తలు అత్యధిక సంఖ్యలో పాల్గొని
స్వామి దయానంద సరస్వతీ ద్విశత జన్మజయంతి మహాసభలను దిగ్విజయము
చేయగలరని కోరుచున్నాము.

ఆర్య సమాజము
రామగిరి, నల్లగొండ

ఆర్య ప్రతినిధి సభ ఆ.ప్ర.-తెలంగాణ
సుల్తాన్ బజార్, హైదరాబాద్.

Estd. 1931 Reg. No. 6/52 Fasli (old) 1342/84 (New)

॥ ओ३म् ॥

मा निन्दत - निन्दा मत करो (ऋ ४-५-२)

MAHARSHI DAYANAND SARASWATI
Founder of Arya Samaj

आर्य प्रतिनिधि सभा आ.प्र.

तेलंगाना, हैदराबाद

म.नं. ४-२-१५, महर्षि दयानंद मार्ग, सुल्तान बाजार, हैदरायाद-५०० ०९५.

ARYA PRATINIDHI SABHA A.P.

TELANGANA, HYDERABAD

ఆర్య ప్రతినిధి సభ ఆ.ప్ర.

తెలంగాణ, హైదరాబాద్

दिनांक १४-०२-२०२४

हैदराबाद

आत्मीय निमन्त्रण

माननीय प्रधान जी / मन्त्री जी

आर्य समाज.....

सप्रेम प्रणाम ।

मान्यवर महोदय,

स्वामी दयानन्द सरस्वती की २००वीं जन्मशति इस वर्ष बोध दिवस के साथ पूरी होने जा रही है । आपको विदित है कि स्वामी दयानन्द की २००वीं जन्मशति समारोह का प्रारम्भ भारत के प्रधानमन्त्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदि जी ने किया था । पिछले एक वर्ष से लगातार कई संस्थाओं ने तथा प्रतिनिधि सभाओं में अपने अपने तरीके से २००वीं जन्मशति को मनाकर स्वामी दयानन्द सरस्वती को याद करने का प्रयास किया है ।

आर्य प्रतनिधि सभा आ.प्र.-तेलंगाना द्वि शति जन्म समारोह को पूरे राष्ट्रीय स्तर के साथ साथ विशेषकर दक्षिण भारत की सारी समाजों को मिलाकर (जो पूर्व में मध्य दक्षिण आर्य प्रतिनिधि सभा के तहतर रही है) सम्मिलित रूप से राष्ट्रीय आयोजन को करने का निर्णय लिया है । यह समारोह १, २, ३, मार्च २०२४ को होगा । १ मार्च २०२४ की सायंकाल ४-०० बजे २०० कुण्डीय यजुर्वेदीय यज्ञ के साथ प्रारम्भ होगा और २ मार्च २०२४ को राष्ट्रीय समारोह का उद्घाटन होगा । इस बीच दक्षिण भारत के हैदराबाद शहर से १०० कि.मी. दूर नलगोण्डा आर्य समाज के प्रांगण में स्वामी दयानन्द सरस्वती की २००वीं जन्मशति समारोह का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किए जाने की बात चर्चा में आई । राष्ट्रीय समारोह का आयोजन कर स्वामी रामदेव जी को मुख्य अतिथि के रूप में निमन्त्रित करने का निर्णय लिया गया और स्वामी जी से इस समारोह का उद्घाटन करवाने का भी निश्चय किया गया । स्वामी रामदेव जी ने हमारी प्रार्थना को स्वीकार किया और राष्ट्रीय आयोजन का उद्घाटन स्वामी रामदेव जी के द्वारा सम्पन्न होगा ।

निज़ाम काल के दौरान निज़ाम के अत्याचारों के खिलाफ **आर्य समाज** ने बढ़-चढ़ करके भांग ही नहीं लिया था बल्की पूरी लड़ाई लड़ी थी । इस पूरे संघर्ष में कर्नाटक व मरठवाड़ा प्रान्त की आर्य समाजों के साथ तेलंगाना

Door No. 4-2-15, Maharshi Daanand Marg, Sultan Bazar, Hyderabad-500 095.
Phone No. 040-66758707, 24753827, 24756983
Email : acharyavithal@gmail.com Cell : 09849560691

प्रान्त की आर्य समाजों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और निज़ाम राज्य की राजधानी हैदराबाद, निज़ाम के द्वारा किए जाने वाले अत्याचारों केन्द्र बिन्दु रहा है। इस पूरे मुक्ति संघर्ष में आर्य समाज नलगोण्डा का भी बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नलगोण्डा एक समृद्ध आर्य समाज है और यह समाज अपनी स्थापना के १०० वर्ष भी पूरे कर रहा है। १०० वर्ष पूरे करने के उपलक्ष में आर्य समाज नलगोण्डा स्वामी दयानन्द सरस्वती की २००वीं जन्मशति समारोह का आयोजन नलगोण्डा प में करने का आग्रह किया। नलगोण्डा शहर की आबादी २ लाख है और नलगोण्डा जिले की आबादी लगभग २० लाख है। निज़ाम का राज्य आज के तेलंगाना, मरठवाड़ा तथा उत्तर कर्नाटक के जिलों तक फैला हुआ था। निज़ाम के अत्याचारों के खिलाफ पूरे हिन्दू समुदाय की रक्षा के लिए आर्य समाज ने १९३८-३९ में आर्य सत्याग्रह चलाया था जिसमें पूरे भारतभर से लगभग १२ हज़ार सत्याग्रहियों ने भाग लिया था, जिसका नेतृत्व सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्कालीन अध्यक्ष महात्मा नारायण स्वामी जी ने किया था। पश्चात् और नेंताओं के साथ-साथ स्थानीय नेता पं. नरेन्द्र जी तथा पं. विनायकराव विद्यालंकार जी ने नेतृत्व किया। अन्त में निज़ाम को घुटने टेकने पड़े थे पश्चात् यह संघर्ष इस प्रान्त को निज़ाम से व निज़ाम के रज़ाकारों से आज़ादी दिलाने तक चलते रहा। आपको विदित हो कि यह प्रान्त १५ अगस्त १९४७ को नहीं बल्कि १७ सितम्बर १९४८ को आज़ाद हुआ। यह मुक्ति संघर्ष बहुत ही लम्बा रहा जिसमें कई आर्य समाजें कार्यकर्ताओं ने अपने आपको शहीद किया। इस पूरे संघर्ष में कर्नाटक व मरठवाड़ा प्रान्त की आर्य समाजों के साथ तेलंगाना प्रान्त की आर्य समाजों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह शहीदों की धरती है और ऐतिहास रक्त रंजित रहा है।

ऐसी धरती पर स्वामी दयानन्द सरस्वती को याद किया जाना आवश्यक है और यह जयन्ती समारोह ऐतिहासिक रहेगा तथा आपके जुड़ाव से, हिस्सेदारी से तथा स्वामी रामदेव जी के माध्यम से कई युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना रहेगा। इस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़े भारी स्तर पर तय्यारियां की जा रही है। हमें उमीद है कि हज़ारों की संख्या में उपस्थिति रहेगी। न केवल तेलंगाना से बल्कि **कर्नाटक व मरठवाड़ा** के निज़ाम क्षेत्र से बड़ी भारी संख्या में आर्य बन्धु व सामान्य लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

आपसे सविनय निवेदन कि आप अपना अमूल्य समय देकर तथा भारी संख्या में उपस्थित होकर इस समारोह को सफल बनाए। स्वामी रामदेव जी समारोह का उद्घाटन दूसरी मार्च को करेंगे। आपकी समाज की ओर से भारी संख्या में उपस्थिति होने की हमें उमीद है। आपकी उपस्थिति के लिए हम आपके हमेशा आभारी रहेंगे।

धन्यवाद

आपका

श्री हरिकिशन वेदालंकार
मन्त्री, आर्य प्रतिनिधि सभा,
आ.प्र.-तेलंगाना

प्रो. विट्ठल राव आर्य
प्रधान, आर्य प्रतिनिधि सभा, आ.प्र.-तेलंगाना व
महामन्त्री सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली

बौद्धधर्म का आधार वैदिकधर्म है

महात्मा बुद्ध की शिक्षा का उद्देश्य किसी नवीन धर्म की स्थापना करना नहीं था

-पं. गंगाप्रसाद, चीफ जस्टिस

हमने ईसाईमत के निकास का पता लगाया है। हमने यह बात सिद्ध की है कि उसके धार्मिक सिद्धान्त यहूदीमत पर और सदाचारिक उपदेश बौद्ध धर्म पर निर्भर हैं। अन्त के दो अध्यायों में इस बात का उल्लेख किया जाएगा कि. जरदुश्ती मत के द्वारा यहूदी धर्म की उत्पत्ति वेद से है। इस अध्याय में यह बात सिद्ध की जाएगी कि बौद्धधर्मया सदाचार सम्बन्धी उन उपदेशों का संग्रह-जिनका महात्मा बुद्ध ने प्रचार किया और जो ईसाई-मत के अभ्युत्थान में बहुत कुछ सहायक हुए सीधा वेदों से निकाला है। यह बात कदाचित् उन वेदानुयायियों को आश्चर्य का कारण होगी जो बौद्धधर्म को वैदिकधर्म का विरोधी मानते हैं। यह निश्चित है कि बुद्धदेव ने कभी नवीन धर्म की स्थापना का विचार तक नहीं किया। श्रीयुत रमेशचन्द्रदत्त जो महात्मा बुद्ध की प्रशंसा करने में किसी से कम नहीं हैं स्वीकार करते हैं कि बुद्ध भगवान् ने कोई नवीन आविष्कार या नई ज्ञानोपलब्धि नहीं की थी। वे फिर लिखते हैं कि "यह कल्पना करना एक ऐतिहासिक भूल होगी कि बुद्ध भगवान् ने जानबूझ कर किसी धर्म विशेष का प्रवर्तक या आचार्य बनना चाहा। इसके विरुद्ध उनका तो अन्त समय तक यह विश्वास रहा कि वे उस प्राचीन पवित्र धर्म के सुन्दर स्वरूप का प्रकाश कर रहे हैं जो हिन्दू ब्राह्मण श्रमण और अन्य लोगों में प्रचलित था, परन्तु पीछे से बिगड़ गया था। यह बात यथार्थ है कि हिन्दू धर्म में ऐसे परिव्राजक, साधु-संन्यासी उपस्थित थे जो संसार को त्याग कर और वेदोक्त यज्ञादि न करते हुए केवल ध्यान में अपना समय व्यतीत करते थे। हिन्दू-धर्मशास्त्रों में ऐसे साधुओं की 'भिक्षु' संज्ञा थी और साधारणतया उन्हें 'श्रमण' कहते थे। उस काल की अनेक श्रमणशाखाओं में से गौतमबुद्ध ने केवल एक श्रमणसाखा की स्थापना की थी, जो औरों से पहचान के लिए "शाक्यपुत्रीय श्रमण" के नाम से पुकारी जाती थी। बुद्ध ने उनको संसार त्याग, विशुद्ध जीवन, पवित्र धार्मिक विचार आदि उन्हीं बातों की शिक्षा दी जिनका उस समय के समस्त श्रमण लोग उपदेश और अनुष्ठान करते थे[9]।"

२. बौद्ध धर्म के एक पृथक् धर्म बन जाने का कारण-

अब यह प्रश्न हो सकता है कि महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं ने नवीन अथवा पृथक् धर्म का रूप क्यों धारण कर लिया ? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए हमें उस समय के वैदिक धर्म की अवस्था जानने की आवश्यकता है जब बुद्ध भगवान् विद्यमान थे और अपने सिद्धान्तों का प्रचार करते थे।

बुद्ध के प्रादुर्भाव से कुछ पूर्व वैदिक धर्म के इतिहास में घोर अन्धकार का समय था। वेद और उपनिषदों का पवित्र और प्रशस्त धर्म अवनत होकर निरर्थक कृत्य और हिंसापूर्ण "यज्ञादि" का स्वरूप ग्रहण कर चुका था। वैदिक वर्ण-व्यवस्था (जो आरम्भ में गुण कर्मानुसार थी) बिगड़ कर वंश परम्परागत जातिभेद में परिवर्तित हो गई थी। इसका यह परिणाम हुआ कि ब्राह्मण लोगों ने केवल 'जन्म से' अपने को बड़ा मान कर वेदाध्ययन तथा उन सद्गुणों को त्याग दिया जिनके कारण उनके पूर्वजों की समुचित प्रतिष्ठा की जाती थी। यह सदाचारिक और धार्मिक अधःपतन केवल ब्राह्मणों तक ही परिमित न रह सका। संन्यासी लोग भी धार्मिक ज्ञान, आन्तरिक पवित्रता, मधुर शीलता आदि बातें छोड़ कर तपस्या का केवल बाहरी आडम्बर दिखलाने को रखते थे। साधारण लोग भी वैसे सीधे, सच्चे, पवित्र और सद्गुण सम्पन्न न रहे जैसे कि वैदिक काल में थे। वे लकीर के फकीर और विलास प्रियता के चेले बन गए। प्राचीन आर्यों के सात्त्विक भोजन का स्थान आमिषाहार ने छीन लिया। उसे शास्त्रोक्त सिद्ध करने के अभिप्राय से यज्ञों में पशुओं का वध किया जाता था और उनके माँस से आहुति दी जाती थी।

बुद्ध के प्रादुर्भाव के समय वैदिक धर्म या यों कहिए कि आर्यों की सामाजिक स्थिति इस प्रकार की हो गई थी। बुद्धदेव के हृदय पर पशु बलिदान और जातिभेद--इन दो बुराइयों का बड़ा प्रभाव पड़ा। उनका कोमल और प्रेमपूर्ण हृदय धर्म के नाम पर इतने निरपराध पशुओं के रक्त प्रवाह को न सह सका। उनकी पवित्र आत्मा इस निकृष्ट और अन्याय पूर्ण जाति-भेद के विरुद्ध संग्राम करने को उद्यत हो गई। और इसमें उन्होंने मनुष्य मात्र के लिए सच्चा प्रेमी और उनके आधार के लिए विशेष उत्साह दिखलाया। वस्तुतः यह बुराई इतनी अधिक हो गई थी कि बुद्ध भगवान् के पूर्ववर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने भी उसे बुरा कहा था। सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक सब बातों में इस जातिभेद की व्यापकता होगई थी। यहाँ तक कि देश के कानून पर भी प्रभाव पड़ चुका था। उस समय ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रों के लिए पृथक्-पृथक् कानून बन गए थे। ब्राह्मणों के ऊपर अनुचित दया और शूद्रों के साथ अनुचित कठोरता का व्यवहार किया जाता था, ये बातें बहुत दिनों तक नहीं ठहर सकती थीं। शूद्र कितने ही धार्मिक और गुणवान् क्यो न हों, परन्तु न तो उन्हें धार्मिक शिक्षा देने का ही कहीं प्रबन्ध था और न उनकी समाज में ही कुछ प्रतिष्ठा थी। वे लोग इन बेड़ियों को तोड़ फेंकने के अवसर की ताक में बैठे थे। वे उस निर्दयी प्रथा के फन्दे में फँसे हुए थे जिसने उन्हें उच्च सोसाइटी के संसर्ग से बुरी तरह बहिष्कृत कर रक्खा था, उनकी लालसा थी कि इस स्थिति में परिवर्तन हो। द्विज अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों

में भी ऐसे अनेक उच्चाशय उदार प्रकृति पुरुष थे जो उनकी इस लालसा से सहानुभूति रखते थे । अत एव 'क्रान्ति' का समय आ गया था । और इस विचार के लिए असाधारण दूरदर्शिता की आवश्यकता न थी कि समय आएगा जबलोग इस हानिकर प्रथा के विरुद्ध युद्ध मचाकर अपनी बेड़ियों को तोड़ डालेंगे । वह अवसर आ गया । राजकुलोत्पन्न एक क्षत्रिय ने घोषणा की, कि समाज में मनुष्य की स्थिति जन्म से नहीं प्रत्युत गुणों से होती है । असंख्य मनुष्य उसके चारों ओर एकत्रित हो गए । ऐसी दसा में हम सहज ही इस बात का अनुमान कर सकते हैं कि अत्याचार के भार से दबे हुए शूद्र लोग किस उत्साह से उनकी बातें सुनते होंगे । बहुत से द्विजन्मे आर्य लोग भी उनके पवित्र धार्मिक उद्देश्य से सहमत हो गए और बौद्ध धर्म देश के एक सिरे से दूसरे सिरे तक फैल गया ।

महात्मा बुद्ध की सफलता तथा बिना इच्छा के भी उनके एक नवीन धर्म का प्रवर्त्तक बनजाने का ठीक कारण ऊपर कहा गया है । समाज संशोधक अन्य महापुरुषों के समान बुद्ध भी बहुत अंश तक अपने समय के सुधारक थे । अविवेक-पूर्ण और निर्दय पशुवध तथा कृत्रिम और अपवित्र जातिभेद का साहस पूर्ण खण्डन करनें बुद्धदेव ने ऐसे तारको खींचा जिससे उनके समकालीनों के हृदय उनकी ओर आकर्षित हो गए । यदि उनका जन्म ऐसे समय में हुआ होता जब वे बुराइयाँ न होतीं तो उनका बहुत ही कम प्रभाव पड़ता और सच तो यह है कि उन्हें अपने सुधार सम्बन्धी कामों के लिए अवसर ही न मिलता, परन्तु जिन दिनों उनका जन्म हुआ उन दिनों उन्होंने सहज में बहुसंख्यक लोगों को अपनी ओर कींच लिया और इस प्रकार धीरे-धीरे वे एक नवीन धर्म के संस्थापक समझे जाने लगे ।

३. बौद्धधर्म का विनाशक अथवा निषेधात्मक अंग-

महात्मा बुद्ध की शिक्षा के निषेधात्मक भाग के सम्बन्ध में केवल इतना ही कहने की आवश्यकता है । उन्होंने विशेषतः दो अत्याचारों पर प्रबल रूप से आक्रमण किया । दत्त महाशय लिखते कि- ''गौतम अविचार पूर्वक खण्डन करने वाले न थे और न सब प्राचीन प्रचलित प्रथाओं के अचेत और कट्टर विरोधी ही थे । उन्होंने उस समय तक किसी प्रथा या विश्वास के विरुद्ध हाथ नहीं उठाया जबतक कि उसको अनुपयोगी अथवा प्राचीन धर्म में पीछे का मिलाव न समझ लिया हो । उन्होंने जाति-पांति का विरोध इस कारण किया कि वे उसको हानिकारक और प्राचीन **ब्राह्मण धर्म के पश्चात् का बिगड़ा हुआ रूपान्तरण समझते थे** । उन्होंने वैदिक (यज्ञादि) कृत्यों की निरर्थकता इसलिए प्रकट की कि उस समय **उनकी विधि** बहुत ही मूर्खतापूर्ण, निरर्थक, निकृष्ट रूप में थी और उनमें अनावश्यक निर्दयतापूर्वक पशुओं के प्राणहरण किए जाते थे ।

यह प्रशन हो सकता है कि क्या महात्मा बुद्ध ईश्वर का अस्तित्व अथवा वेदों को ईश्वरीय ज्ञान या प्रामाणिक पुस्तक मानते थे ? ईश्वर-विश्वास के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि वे नास्तिक नहीं थे, शायद अज्ञेयवादी Agnostic थे । ईश्वर या ईश्वरीय ज्ञान का न मानना बौद्ध धर्म का कोई आवश्यक सिद्धान्त नहीं है । ऐसा ज्ञात होता है कि उन्होंने आत्म सुधार और आत्म संयम आदि के उपदेश करने पर ही सन्तोष किया और सृष्टि सम्बन्धी ऐसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर सोचने की चेष्टा ही नहीं की कि ''क्या यह संसार अनादि और अनन्त है ? यदि नहीं तो उसकी उत्पत्ति किस प्रकार हुई ?'' कदाचित् उनका यह विचार हो कि इन प्रश्नों के उत्तर कदापि सन्तोषजनक नहीं मिल सकते । उनके शिष्यों ने इस विषय में जानने के लिए अनेक बार उनसे आग्रहपूर्वक[२] जिज्ञासा की, परन्तु उन्होंने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया ।

निश्चय ही बौद्ध ग्रन्थों में अनेक स्थल[३] हैं जिनसे प्रकट होता है कि उन्होंने अपने शिष्यों को इस प्रकार की जिज्ञासा और शास्त्रार्थ करने के लिए समय ही नहीं दिया ।

सब्बासबसुत्त-में ऐसे विषयों पर विवाह विवाद करनेवाले का वर्णन इस प्रकार किया गया है-

''वह मूर्खता से ऐसे विचार करता है कि भूतकालों में था या नहीं ? मैं भूत काल में क्या था ? मैं भविष्य काल में रहूँगा या नहीं ? भविष्यत् काल में मेरा क्या स्वरूप होगा ? या वर्त्तमान के लिए भी अपने मन में ऐसे विचार करता है मेरा अस्तित्व वास्तव में है या नहीं ? मैं क्या हूँ ? यदि मेरा अस्तित्व है तो कहाँ से आया और कहाँ जाएगा ?''[१]

उनके विचार में भलाई करना ही धर्म था या यों कहिए कि उन्होंने धर्म के कर्मकाण्ड सम्बन्धी भाग की ओर ही दृष्टि रक्खी और ज्ञान काण्ड तता आध्यात्मिक भाग की ओर से सर्वदा उदासीन रहे । प्रारम्भिक बौद्ध धर्म में यह बड़ी भारी निर्बलता थी । इस प्रकार के प्रश्न उठते ही हैं और उनके उत्तर किसी न किसी रूप में देने ही चाहिए । जो धर्म इन बातों को टालना चाहता वा उनकी उपेक्षा करता है वह मनुष्य के आत्मा की भूख को नहीं बुझा सकता, परन्तु पिछले समय के बोद्धों ने इस त्रुटि की यह कहकर पूर्ति करदी कि संसार जैसा कि अब है वैसा ही अनादिकाल से चला आता है, अत एव इसके लिए रचने वाले की आवश्यकता नहीं । इस प्रकार उन्होंने अपने धर्म को विशुद्ध नास्तिक बना दिया, परन्तु महात्मा बुद्ध का यह मन्तव्य न था, वे न तो संसार को नित्य ही कहते थे और न अनादि । यद्यपि बौद्ध धर्म प्रारम्भ में अज्ञेयवादी था, परन्तु अन्य अज्ञेयवादी मतों सदृश यह अन्त में नास्तिक मत हो गया । जैसा कि पूर्व कह चुके हैं कि उनकी सदाचारिक शिक्षा कैसी ही उत्तम क्यों न हो, परन्तु धर्म की दृष्टि से वह एक बहुत बड़ा दूषण था । इस दोष के कारण ही अन्ततः भारत वर्ष में उसके भाग्य का अन्त हो गया । बौद्ध धर्म प्रारम्भ में अत्याचार पूर्ण जाति-भेद और निर्दय पशुवध के विपरीत पवित्र विरोध करने तथा

१. Ancient India, vol. 11.

२. उदाहरणार्थ-एक समय मलयूक्य पुत्त नामक किसी व्यक्ति ने महात्मा गौतम से यह प्रश्न किया, परन्तु उन्होंने उत्तर दिया कि 'हे मलयूक्य पुत्त ! तुम आओ और मेरे शिष्य बन जाओ, मैं तुमको इस बात की शिक्षा दूँगा कि संसार नित्य है या नहीं ।' मलयूक्य पुत्त ने कहा 'महाराज अपने ऐसा नहीं कहा ।' बुद्ध जी बोले- 'तो फिर इस प्रश्न को पूछने में आग्रह मत करो ।' (देखो मज्झम निकाय कुल मलूक्यवाद) Quoted in Ancient India, vol. II, 239

३. दखो सुत्त निपात, पशु सुत्त और सुत्त, निपात, माह मोह सुत्त ।

सदाचार और भलाई का सर्वसाधारण को उपदेश देनेके कारण ही इस देश में फैल गया था, परन्तु नास्तिक मत बन जाने के कारण ही इस देश में फैल गया था, परन्तु नास्तिक मत बन जाने के कारण वह इस देश से बहिर्गत कर दिया गया ।

ईश्वर की सत्ता और वेदों के ईश्वर कृत होने के विषय पर महात्मा बुद्ध के विचार **तेविज्जसुत्त** से जाने जाते हैं, जिसके सम्बन्ध में महाशय राईस डैविड्स (Rhys Davids) अपने अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका में इस प्रकार लिखते हैं- ''इस सुत्त का नाम **तेविज्ज सुत्त** केवल इसलिए है कि इसमें गौतम का वर्णन **तेविज्ज** उपनाम से किया गया है । **तेविज्ज** का अर्थ है वेदों का ज्ञाता और यह पाली शब्द **तैविद्य** या **त्रयोविज्ञ** शब्द का अपभ्रंश है ।

इस सुत्त आरम्भ दो ब्राह्मण युवक वसिष्ठ और भारद्वाज के विवाद से होता है । विषय यह है कि ब्रह्म-प्राप्ति का सच्चा मार्ग क्या है ? वे दोनों गौतम बुद्ध को पास जाते हैं, जो ये बतलाते हैं कि यदि कोई ब्राह्मण वेदों को अच्छी तरह पढ़ा हो, परन्तु सदाचारी न हो तो वह ब्रह्म को प्राप्त नहीं कर सकता । इस सुत्त के कुछ वचन नीचे दिए जाते हैं-

२५-हे वसिष्ठ ! इस प्रकार वे ब्राह्मण जो तीनों वेदों को पढ़कर भी उन गुणों का तिरस्कार करते हैं जिनसे मनुष्य ब्राह्मण बनता है और वे ऐसा पाठ करते हैं-'हम इन्द्र को पुकारते हैं, सोम को पुकारते हैं, वरुण को पुकारते हैं, ईशान को पुकारते हैं, प्रजापति को पुकारते हैं, ब्रह्मा को पुकारते हैं, महिद्धि को पुकारते हैं, यम को पुकारते हैं' । वसिष्ठ ! ये कभी सम्भव नहीं कि वे ब्राह्मण जो वेद पढ़े हुए हैं, परन्तु उन गुणों का तिरस्कार करते हैं जिनसे मनुष्य वास्तव में ब्राह्मण बनता है और उन गुणों को धारण करते हैं जिनसे मनुष्य अब्राह्मण बनता व केवल स्तुति और प्रार्थना के कारण मृत्यु के पश्चात् जब शरीर छूट जाता है ब्रह्म को प्राप्त हो सके ।

२७-हे वसिष्ठ ! इसी प्रकार पाँच पदार्थ कामकी ओर ले जानेवाले हैं जो 'आर्य्य संयम' में बन्धन कहलाते हैं ।

प्रश्न-वे पाँच पदार्थ क्या है ?

उत्तर-रूप जो आँख को प्रिय, रोचक और आनन्द दायक होते हैं, परन्तु काम और मद को उत्पन्न करते हैं, इसी प्रकार के शब्द जो कान से सुने जाते हैं, इसी प्रकार की गन्ध जिनको नासिका ग्रहण करती है, इसी प्रकार के रस जिनको जिह्वा ग्रहण करती है, इसी प्रकार के अन्य पदार्थ जिनका शरीर को स्पर्श से अनुभव होता है । इन पाँचों पदार्थों से काम की उत्पत्ति होती है और ये आर्य्य संयम में बन्धन कहलाते हैं । और हे वसिष्ठ ! वे ब्राह्मण जो वेद पढ़े हैं, परन्तु इन पाँचों पदार्थों के दास हैं जिनसे काम उत्पन्न होता है वे इनमें उन्मत्त हो जाते हैं, पतित हो जाते हैं और यह नहीं समझते कि वे कैसे भयङ्कर पदार्थ हैं और उनमें आनन्द मानते हैं ।

२८-''हे वसिष्ठ ! यह सम्भव नहीं कि वे ब्राह्मण जो वेद पढ़े हैं, परन्तु उन गुणों का तिरस्कार करते हैं जिनसे मनुष्य वास्तव में ब्राह्मण बनता है और उन गुणों को धारण करते हैं जिनसे मनुष्य वास्तव में अब्राह्मण बनता है और इन पाँच पदार्थों के दास हैं जिनसे काम उत्पन्न होता है, उनमें उन्मत्त होते हैं, पतित होते हैं और उनके भयङ्कर स्वरूप को न समझते हुए उनमें आनन्द मानते हैं । ये ब्राह्मण मरने के पीछे शरीर छूटने पर ब्रह्म को प्राप्त कर सकें यह सम्भव नहीं ।''

इसके आगे महात्मा बुद्ध, वसिष्ठ के ब्रह्म के गुणों के सम्बन्ध में कुछ प्रश्न करके ऊपर कहे हुए नामधारी ब्राह्मणों के गुणों से अन्तर दिखलाते हैं और इस प्रकार उपदेश करते हैं-

३७-''अच्छा वसिष्ठ ! तुम यह सम्भव नहीं कि ये ब्राह्मण वेद पढ़े होने पर भी अपने हृदय में क्रोध और द्वेष धारण किए हैं, जो पापी और असंयमी हैं, मरने के पीछे शरीर को छोड़ने पर उस ब्रह्म को प्राप्त कर सके जो क्रोध और द्वेष रहित, पाप रहित संयम स्वरूप है[1]।''

इसके पश्चात् एक सच्चे भिक्षु के जीवन का वर्णन करके महात्मा बुद्ध इस प्रकार उपदेश करते हैं-

३९-अच्छा वसिष्ठ ! तुम मानते हो कि यह भिक्षु क्रोध और द्वेष से रहित है, शुद्ध चित्तवाला और संयमी है और ब्रह्म भी क्रोध और द्वेष से रहित, शुद्ध स्वरूप और संयम स्वरूप है तो हे वसिष्ठ ! यह हर प्रकार सम्भव है कि वह भिक्षु जो क्रोध और द्वेष से रहित है शुद्ध चित्तवाला और संयमी है, मरने के पीछे शरीर छोड़ने पर ब्रह्म को प्राप्त कर सके जिसका वैसा ही स्वरूप है ।''

यह स्पष्ट है कि इस सुत्त[2] में महात्मा बुद्ध में वेदों की निन्दा नहीं की, किन्तु अपने समय के उन ब्राह्मणों की निन्दा की है जो वेदों के जानने का अभिमान करते हुए ब्राह्मणों के गुणों से रहित थे । महाशय राईस डैविड ने उनकी तुलना बाइबिल फ़ारसियों और लेखकों Phorisees and Scribes से की है ।

यदि महात्मा बुद्ध ईश्वर के विषय में सन्दिग्ध थे तो ईश्वरीय ज्ञान पर भी विश्वास न कर सकते थे । वेदों से उनका विरोध भी नहीं था, किन्तु उदासीनता थी । इस उदासीनता का कुछ तो यह कारण था कि वेद से अनभिज्ञ थे और कुछ उस समय का यह विश्वास कि वेद पशुवध और जातिभेद की आज्ञा देते हैं । यदि वे वेदवेत्ता होते यदि उन्होंने प्रेमभाव और समानता के उपदेशों का वेदों के विशुद्ध अर्थों की प्रामाणिकता के आधार पर प्रचार किया होता तो वे नए धर्म के संचालक न होकर हमारे ही समय के स्वामी दयानन्द सरस्वती जैसे वैदिक सुधारक बन जाते । यदि उस समय के लोग कुछ कम संकुचित विचारों के होते, वेद की अपेक्षा अपने ही धर्म का संशोधन करते तो प्राचीन धर्म के होते हुए देश में नवीनमत स्थापित होने की दुर्घटना न हो पाती और इस प्रकार भारतवर्ष में फूट न फैलती जिसके कारण चिरकाल तक दोनों मतों के अनुयायियों के मध्य भीषण युद्ध की अग्नि चलती रही ।

४. बौद्ध धर्म का विधायक अथवा विद्यात्मक अंग-

महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं के विधायक-भाग के सम्बन्ध में हमें अधिक कुछ नहीं कहना । उन्होंने वैदिक धर्म-विहित बातों का उपदेश किया अर्थात् आत्म सुधार, आत्म

१. देखो 'बौद्ध सुत्त' Budhist Suttas (Sacred Books of the East Series पृ. १८०-१८५)

२. देखो ''बौद्ध सुत्त'' पृ. ३०२

संयम, मनुष्य जाति औ प्राणि मात्र के प्रति मैत्रीभाव, शुभ कर्म और आन्तरिक पवित्रता का प्रचार किया। बुद्ध ने जिन चार प्रधान बातों का उपदेश दिया वे निम्न लिखित हैं-

१-जीवन दुःखमय है, २-दुःख का कारण इच्छा वा तृष्णा है। ३-तृष्णा के नाश से दुःखकी निवृत्ति होती है। ४-तृष्णा के नाश के नीचे लिखे आठ प्रकार के मार्ग हैं-

१) सत्य विश्वास, २) सत्य कामना, ३) सत्य भाषण, ४) सत्याचरण, ५) सत्य जीविका साधन, ६) सदुद्योग, ७) सत्य संकल्प और, ८) सत्य विचार[1]

हमें यह कहने की आवश्यकता नहीं कि उपर्युक्त बातों का वैदिक धर्म और दर्शन शास्त्र स्बन्धी विविध पुस्तकों में अनेक बार वर्णन आया है। उदाहरणार्थ हम न्याय दर्शन का दूसरा सूत्र उद्धृत करते हैं-

दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमित्याज्ञानानामुत्त रोत्तरा पाये तदनन्तरा पायादपवर्गः ।

-न्याय १।१।३

दुःख, जन्म, प्रवृत्ति, दोष और मिथ्या ज्ञान इनमें से एक के नाश से उससे पूर्व पूर्व वर्णित नष्ट हो जाता है और दुःख का निवारण ही मुक्ति है।

इसका भावार्थ यह है कि मिथ्या ज्ञान से दोष वा बुरी इच्छाएँ होती हैं, उसमें जन्म की प्रवृत्ति होती है और जन्म ग्रहण करना पड़ता है और यह जन्म ही दुःखों की जड़ है। इसी क्रम से एक की निवृत्ति होने से दूसरे की निवृत्ति होती चली जाती है। अर्थात् जन्म व जीवन के साथ दुःख का सम्बन्ध अवश्य है। (बुद्ध का प्रथम उपदेश) दुःख और जन्म का कारण जीवन की इच्छा या तृष्णा है। (दूसरा उपदेश) इच्छा और जन्म-प्रवृत्ति नष्ट होने पर दुःख की निवृत्ति हो जाती है। (तीसरा उपदेश) इच्छा और जन्म-प्रवृत्ति का नाश सत्य ज्ञान द्वारा होता है। (चौथे उपदेश का भाग)

निम्न लिखित पाँच आज्ञाओं का पालन करना समस्त बौद्धों का, चाहे भिक्षु हों वा गृहस्थ, परम कर्त्तव्य है-

१) किसी प्राणी की हिंसा न करे। २) उस वस्तु को ग्रहण न करे जो उसे नहीं दी गई। ३) मिथ्या भाषण न करे। ४) मादक द्रव्यों का सेवन न करे। ५) व्यभिचार न करे।

दत्त महाशय लिखते हैं कि 'ये निस्सन्देह वसिष्ठ के पञ्च महापातकों से सूझी है'[1]।

परन्तु हम इन पाँचो का सम्बन्ध महर्षि पतञ्जलि रचित योग सूत्र के पाँच यमों से समझते हैं-

अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः ।

योग अ. १।पा.२।सू.३०॥

जीवों की हिंसा न करना, असत्य भाषण न करना, चोरी न करना, व्यभिचार न करना, विषय-भोग अथवा इन्द्रिय-लोलुपता में अधिक न फंसना, ये पाँच यम हैं।

बौद्ध धर्म जिसका बुद्ध ने प्रचार किया केवल सदाचार का उपदेश है अन्य कुछ नहीं। बौद्ध धर्म के सदाचारिक उपदेशों का पता वैदिक धर्म की पुस्तकों से सहज ही में लगाया जा सकता है। दत्त महाशय लिखते हैं कि बौद्ध धर्म ने यह पवित्र पैतृक सम्मपत्ति प्राचीन हिन्दुओं से प्राप्त की और अपने पवित्र साहित्य में सुरक्षित कर ली। महात्मा गौतम द्वारा निर्धारित धर्मों में वे समस्त बातें पाई जाती हैं जो धर्म सूत्रों में सर्वोत्कृष्ट और सर्वोत्तम हैं।[1]

प्रोफेसर मैक्समूलर महात्मा बुद्ध के सम्बन्ध में लिखते हैं- "ब्राह्मणों की ओर से उनके विरोध की बहुत कुछ अत्युक्ति की गई है और सब हम इस बात को जान गए हैं कि गौतम बुद्ध के बहुत से उपदेश वास्तव में उपनिषदों के ही उपदेश थे[2]।"

हमने यह सिद्ध किया कि महात्मा बुद्ध ने किसी **नवीन धर्म** या **नवीन ज्ञान** का प्रचार नहीं किया। उन्होंने कुछेक उन दूषणों का खण्डन किया जो सत्य वैदिक धर्म के अंग नहीं थे पर जो पीछे से उसमें मिल गए थे। अन्य बातों में उन्होंने वैदिक धर्म के उपदेशों का प्रचार किया। अतएव बौद्ध धर्म हमारा जिससे अभिप्राय है वह गौतम की उत्कृष्ट शिक्षा है, जो वैदिक धर्म पर अवलम्बित है।

१. देखो महावाक्य ६ Quoted in Ancient India, vol. 11 p. 2. 1.

धर्म का तात्पर्य

धर्म की सुरक्षा से ही मनुष्यों की सुरक्षा है, इसके विनाश से ही मनुष्यों का विनाश अवश्यभावी है तो यह प्रश्न भी उपस्थित होता है कि धर्म किसे कहते हैं ? इसका क्या तात्पर्य और गूढ़ रहस्य है जिसके कारण मनुष्यों का जीवन सुरक्षित रहता है। महर्षि व्यास ने धर्म का अर्थ स्पष्ट करते हुए लिखा है कि अपने आत्मा के विपरीत आचरण दूसरे व्यक्तियों के साथ मत करो। यह धर्म का सार या निचोड़ है।

श्रूयतां धर्म-सर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम् ।
आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत् ॥

-महा.

अर्थात् कोई व्यक्ति हमारे साथ झूठ बोले, धोखेबाजी करे, या हमको कष्ट पहुन्चावे अथवा हमारे से बिना पूछे हमारे किसी वस्तु को लेवे तो यह इसको अच्छा नहीं लगता है। इसलिए हमें भी किसी की वस्तु बिना पूछे नहीं लेनी चाहिए, किसी को कष्ट नहीं देना चाहिए। किसी के साथ धोखेबाजी नहीं करनी चाहिए या मिथ्या नहीं बोलना चाहिए। इस प्रकार के आचरण करने को धर्म कहते हैं यही धर्म का सार है।

धर्म का लक्षण :- महर्षि मनु ने धर्म के लक्षणों का विवेचन करते हुए लिखा है कि वेद-स्मृति ग्रन्थ, सदाचार और दूसरों के द्वारा हमारे साथ किया जाने वाला अच्छा व्यवहार जो हमें अच्छा लगता है इस प्रकार का व्यवहार दूसरों के साथ करना ये धर्म के साक्षात् हैं।

वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः। एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद् धर्मस्य लक्षणम् ॥ -मनु.

अर्थात् अपनी आत्मा के अनुकूल अच्छा व्यवहार दूसरों के साथ करना, सदाचार का पालन करना, ऋषियों के लिखित स्मृति ग्रन्थों (शास्त्रों) में वर्णित सत्कर्मों को करना, और अशुभ कर्मों को न करना, वेदों में निर्दिष्ट कर्मानुसार जीवन व्यतीत करना ही धर्म का स्पष्ट लक्षण है।

महर्षि व्यास और मनु ने धर्म का अर्थ

-शेष पृ. १२ पर

क्या मनमानी सोच का नाम धर्म है ?

-सुश्री आचार्या सूर्यदेवी चतुर्वेदा

जन्म- १ अक्टूबर, १९५८ को सोरों, प्रह्लाद पुर (एटा) में पिता श्री लाखन सिंह आर्य और माता श्रीमती त्रिवेणी देवी जी की पुत्री के रूप में

शिक्षा- पाणिनि कन्या महाविद्यालय, वाराणसी में निरन्तर १३ वर्षों तक आचार्या प्रज्ञादेवी जी एवं आचार्या मेधादेवी जी की छत्रछाया में १९८२ तक अष्टाध्यायी, महाभाष्य, निरुक्त, दर्शन, श्रौतादि ग्रन्थों की अक्षरशः शिक्षा प्राप्त की पुनः सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से प्राचीन व्याकरण विषय से शास्त्री एवं आचार्य की परीक्षाएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कीं और १९८३ में 'व्याकरणसूर्या' की उपाधि प्राप्त की।

सम्प्रति- पाणिनि कन्या महाविद्यालय, वाराणसी में ही आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत लेकर शिक्षण कार्य में रत।

कृतित्व- शास्त्रानुमोदित वैदुष्यपूर्ण लेखन में आर्य जगत् में सुप्रतिष्ठित। वेद, विज्ञान एवं ज्योतिष पर अनेक खोजपूर्ण निबन्धों का लेखन; दिल्ली, अजमेर, कोटा, सोनीपत, चेन्नै आदि स्थलों पर राष्ट्रीय सेमिनारों और वेद गोष्ठियों में भागीदारी; काशी के पण्डितों की चुनौतियों को स्वीकार कर उन्हें निरुत्तर करना। वैदुष्यपूर्ण और प्रशंसनीय व्याख्यान। अनेक पुरस्कारों से सम्मानित। कर्मकाण्ड पर आपका पूर्णाधिकार है।

प्रकाशित पुस्तकें- १) अन्तरिक्ष, वसिष्ठ, ब्रह्म आदि विज्ञान, २) कल्याण, सुख, आनन्द के स्रोत, ३) वेदादि सिद्धान्त शङ्का समाधान, ४) त्रिपदी गौ

सम्पर्क- श्री जिज्ञासु स्मारक पाणिनि कन्या महाविद्यालय, महमूरगंज, तुलसीपुर, वाराणसी-२२१०१० (उ.प्र.)
फोन : ०५४२-२३६०३४०

सौविध्य सम्पन्न विकसित कहे जाने वाले आधुनिक युग में जहाँ भौतिक वस्तुओं का विकास हुआ है, जिसकी अभी तक कोई रूपरेखा सुनिश्चित नहीं हो पाई है। आज **'न लिङ्गं धर्मकारणम्'** धर्म का कोई चिह्नः नहीं होता' कहा जाने वाला धर्म, मुँह की पट्टी, पगड़ी, दाढ़ी, कण्ठी, माला, तिलक, शङ्ख आदि को ही धर्म समझा जा रहा है। विडम्बना त यह है कि लोकतान्त्रिक चुनाव की प्रणाली को धर्म समझा जा रहा है। विडम्बना तो यह है कि लोकतान्त्रिक चुनाव की प्रणाली को धर्म के चुनाव में भी स्थापित कर दिया है, जिससे पूरा विश्व अपने-अपने प्रिय धर्म का स्वतन्त्रता से चुनाव कर रहा है, जो कि आठवाँ आश्चर्य ही कहा जा सकता है, क्योंकि मनुष्य से अतिरिक्त अन्य पशु, पक्षी सृष्टि के आदि से प्रदत्त धर्मों में ही जी रहे हैं। ऐसा नहीं हुआ कि घोड़े ने गाय का धर्म स्वीकार किया हो और गाय ने भैंस का धर्म स्वीकार कर लिया हो या भैंस बिल्ली के धर्म को अपना धर्म समझती हो। पर मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो अपनी स्वतन्त्रता का लाभ उठा कर कोई पारसी बनकर प्रसन्न है, तो कोई यहूदी बनकर, कोई जैन और बौद्धों के विचारों को श्रेष्ठ मानता है तो कोई सिक्ख बन रहा है। कोई ईसाई, बहाई को ही सर्वोपरि समझता है, तो कोई इस्लाम को, कोई शाङ्करी भस्म में ही सन्तुष्ट है। सच कहें तो धर्म विषय लौकी, कोंहड़े की सब्जी मण्डी हो गया है।

सभी धर्म एक हैं, मार्ग भिन्न-भिन्न हो सकते है, लक्ष्य सबका एक है, ऐसी टका प्रधान समाज के शिक्षित व्यक्तियों की सोच ने तो धर्म के वास्तविक स्वरूप पर ऐसा आवरण डाला है, जो उठाने पर भी नहीं उठता। ये बुद्धिवादी वे लोग हैं, जो सुख चाहते तो हैं, पर लक्ष्य उनका टका होता है, उसके लिए ही पूरा श्रम होता है। और धर्म के नाम पर मन्दिर, मस्जिद, चर्च आदि के आगे सिर झुका कर **'जय भगवान् की', 'जय हनुमान की'** आदि उद्घोषों को एवं 'प्रभु पाप क्षमा कर दो', 'ईश्वर सबका भला करो', 'अन्धों को आँखें दो' आदि वाक्यों को ही धर्म मानते हैं। ये सिरफिरे लोग ही धर्म निरपेक्षता का झण्डा लिये फिरते हैं। ये वे लोग हैं, जो धर्म का वाच्य मात्र ईश्वर विषय समझते हैं एवं जिन्हें यह बोध ही नहीं कि वे जिन मत-मतान्तरों को धर्म मान रहे हैं, उनमें कोई नास्तिक है, कोई प्रकृतिवादी, कोई ईश्वरवादी है। कोई जीवात्मवादी, कोई मात्र ब्रह्मात्मवादी है और कोई ईश्वर के सहयोगी फरिश्तेवादी हैं। सभी एक दूसरे से भिन्न हैं। अब बुद्धिवादी विचारें-जब सभी मत हैं ही भिन्न, वे एक कैसे समझे जा सकते हैं, एक और चार मिलकर पाँच ही होंगे, एक नहीं। इन विभिन्न मतों को एक कहना व 'धर्म' शब्द वाच्य मानना निकी मूल की भूल है। धर्म रीति-रिवाज तथा निरंकुशता का नाम नहीं है।

धर्म तो पूर्णता प्रदान करने वाला मनुष्य मात्र का आचरणीय वह गुण व विचार है, जो उत्तम व्यक्ति, उदार परिवार, उदात्त समाज एवं उन्नत राष्ट्र को निर्मित करता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र चारों वर्णों को अपने-अपने कर्मों में संयुक्त रखता है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यास इन आश्रमों को मर्यादा प्रदान करता है। धर्म चयनीय वस्तु नहीं, अवश्याचरणीय गुण है। धर्म संज्ञा होती ही तब है, जब धारण किया जाय। जैसा कि व्यास का कथन है-

यः स्यात् धारणसंयुक्तः स धर्म इति निश्चयः ॥ -शान्ति १०९/११ ॥

अर्थात् जो धारण करने योग्य है तथा धारण करने में सक्षण है, वही निस्सन्देह धर्म है।

'धर्मेण धार्यते लोकः' चाण. २३४, इस सूत्र में चाणक्य ने धर्म की लोकधारकता

को प्रतिपादित किया है। लोकधारक धर्म अध्यात्म तथा भौतिक उभयविध सुखों, उपलब्धियों का केन्द्र हैं और वह धारणीय धर्म वेद से ही जानने योग्य है, यतेहि वेद ही ज्ञान के आदि ग्रन्थ हैं, कुरान, बाइबिल आदि नहीं। इस प्रसंग में मीमांसा दर्शन के तन्त्रवार्तिककार कुमारिल भट्ट का वचन महत्वपूर्ण है। वचन है-

वेद एव हि सर्वेषामादर्शः सर्वदा स्थितः ॥

-मीमां. कुमा. तन्त्र २०६ ॥

अर्थात् वेद ही सबके लिए सब कालों में आदर्श रूप है। इस प्रकार धर्म विषय में वेद ही सर्वप्रमाण है। धर्म की वेदमूलकता का कथन करते हुए व्यास कहते हैं-

वेदोक्तः परमो धर्मः स्मृतिशास्त्रगतोऽपरः। शिष्टाचीर्णो परः प्रोक्तस्त्रयो धर्माः सनातनाः ॥ -महा. अनुशा.प. १४१/६५ ॥

अर्थात् वेद प्रतिपादित सन्देश परम धर्म है और स्मृति वचनों से हुआ ज्ञान दूसरा र्ध है, तीसरा शिष्टों का आचीर्ण=आचरित धर्म कहा गया है। इस प्रकार ये तीन सनातन धर्म हैं।

धर्म सूत्रकार गौतम महर्षि ने भी वेदों को धर्म का मूल बताया है। यथा-

वेदों धर्ममूलम्। तद्विदां च स्मृतिशीले ॥

-गौ. धर्म. १/१/२

अर्थात् वेद धर्म के मूल हैं और वेदज्ञों को धर्म का मूल बताया है। यथा-

वेदो धर्ममूलम्। तद्विदां च स्मृतिशीले ॥

-गौ. धर्म. १/१/२ ॥

अर्थात् वेद धर्म के मूल हैं और वेदज्ञों की स्मृति व शील धर्मजनक हैं।

वेदविदों का शील कैसा होता है ? इसे बताने वाली शील की परिभाषा भी बड़ी उत्तम की गई है। यथाहि-

अद्रोहः सर्वभूतेषु कर्मणा मनसा गिरा। अनुग्रहश्च दानं च शीलमेतत् प्रशस्यते ॥

-शान्ति. १२४/६६

अर्थात् मन, वचन, कर्म से समस्त प्राणियों के प्रति **अद्रोहः** =हिंसा का भाव न रखना, **अनुग्रहः** =कृपा, उपकार करना एवं दान देना, ये उत्तम गुण शील कहे जाते हैं।

निष्कर्ष यह हुआ कि धर्म आचरण का नाम है, मान्यता का नहीं। इन आचरणों की प्रेरक वेदोक्त आज्ञाएँ, तद्विदों के स्मृति ग्रन्थ, उनका शील=स्वभाव, व्यवहार आदि हैं। वेद तथा तद्विद् ज्ञानियों के आचार आदि धर्मजनक हैं, इसे मात्र व्यास और गौतम ने ही नहीं माना, अपितु वशिष्ठ[1], आपस्तम्ब[2], याज्ञवल्क्य[3], मनु[4], जेमिनि[5], आदि ने भी इनकी धर्मजनकता को स्वीकार किया है।

लोकोपकारक धारणीय धर्मरूप धर्मप्रेरक वेदोक्त वचन है-

धर्म प्र यजा, ऋ. ३/१७/५, ऐ मानव ! तू धर्म मार्ग पर चल।

माभि द्रुहः, अथर्व. ९/५/४, ऐ जीव ! तू किसी से ईर्ष्या, द्वेष मत कर।

मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे, यजु. ३६/१८, हम परस्पर मित्र की दृष्टि से देखें।

मा गृधः कस्य स्विद्धनम्, यजु. ४०/१, किसी के धन का लालच मत कर।

शुद्धाः पूता भवत यज्ञियासः, ऋ. १०/१८/२, सब शुद्ध, पवित्र, यज्ञमय जीवन बनावें।

अहं गोपतिः स्याम्, साम. १८३५, मैं वेदवाणी व इन्द्रियों का स्वामी होऊँ।

धियो यो नः प्रचोदयात्, यजु. ३/३५, सर्वोत्पादक सविता ईश ! हमारी बुद्धियों को सन्मार्ग में प्रेरित करें।

यक्षन्ति प्रचेतसः, ऋ. ९/६४/२१, ज्ञानी, विद्वान् पूजित होते हैं।

अहमनृतात्सत्यमुपैमि, यजु. १/५, मैं असत्य को छोड़ सत्य बोलूँ।

मा क्रुधः, अथर्व. ११/२/२०, क्रोध मत कर।

ईजानाः स्वर्गं यन्ति लोकम्, अथर्व. १८/४/२, यज्ञ करने वाले स्वर्ग=सुख, शान्ति, आनन्द पाते हैं।

ओ३म् क्रतो स्मर, यजु. ४०/१५, हे कर्मशील जीव ! ओ३म् का स्मरण कर।

तमेव विदित्वाति मृत्युमेति, यजु. उसी सर्वव्यापक महान् परमात्मा को जानकर मृत्यु के दुःख से जीव पार होता है।

मनुर्भव जनया दैव्यं जनम्, ऋ. १०/५३/६, ऐ जीव ! तू मननशील बन, मनुष्य बन, दिव्यगुण वाली सन्तानों को उत्पन्न कर।

पशून् पाहि, यजु. १/१, पशुओं की रक्षा कर।

वयं स्याम पतयो रयीणाम्, यजु. २३/६५, हम सब धन के स्वामी होवें।

उत त्वा स्त्री शशीयसी, ऋ. ५/६१/६, हे पुरुष ! तुम्हारी स्त्री दुःख को दूर करने वाली है, आदि।

लोकधारक वेद के इन सन्देश वचनों से ज्ञात हो रहा है कि मनुष्य आस्तिक बने, ईर्ष्या, द्वेष रहित हो, ज्ञानी बने, धन-धान्यादि प्राप्त करे। ये गुण ही सुख शान्ति देने वाले हैं। वेद के ये सन्देश सभी वर्णों, आश्रमों व सभी देशों के जनों के लिए आचरणीय हैं, अनुपालनीय हैं। धर्म का संकुचित दायरा नहीं है। धर्म मात्र अध्यात्म नहीं है, व्यापक क्षेत्र है। वेदोक्त धर्म व्यक्ति, देश, काल, परिस्थिति से सम्बन्धित नहीं है। सभी भगवत्प्राप्ति, सद्व्यवहार, बुद्धि, विवेक आदि चाहते हैं। ये सभी उपलब्धियाँ वेदोक्त धर्म के आचरण से ही होंगी। यह समग्रता का आचरण ही वास्तविक कर्मकाण्ड है। कर्मकाण्ड मात्र आहुति देने तक सीमित नहीं है। कर्मकाण्ड की सीमा से ही धर्म का स्वरूप बिगड़ा है।

वेद सन्देशों की भाँति लोकोपकारक स्मृतियों के धर्मप्रेरक वचन हैं-

सत्यपूतां वदेत् वाचम्, मनुः ६/४६, सत्य से पवित्र वाणी बोले।

आचाराल्लभते ह्यायुः, मनु. ४/१५६, उत्तम आचरण से आयु प्राप्त होती है।

स्वाध्यायेनार्चयेत् ऋषीन्, मनु. ३/८१, ब्रह्मयज्ञ एवं स्वाध्याय से ऋषियों की पूजा करे।

सान्ध्यां चोपास्य श्रृणुयात्, मनु. ७/२२३, राजा सन्ध्योपासना के अनन्तर अन्य बातें सुनें।

महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः, मनुः २/२१६,

माता, बहिन व पुत्री के साथ कभी एकान्त में न बैठे।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः, मनु. ३/५६, जहाँ नारियों का सम्मान होता है, वहाँ दिव्यगुण, सन्तान आदि होते हैं।

अभिवादयेत् वृद्धाँश्च, मनु. ४/१५४, वृद्ध जनों का सत्कार, नमस्ते सदा करें। आदि।

इस प्रकार ये धर्मरूप वेदोक्त आज्ञाएँ एवं स्मृति वचन व वेदज्ञ आचरण समस्त विश्व को शान्ति देने वाले लोकसंग्राहक, क्लायणकारक, नित्य, शास्वत, अपरिवर्तन शील हैं। जैसा कि मन्त्र कहता है-

अग्निर्हि देवाँ अमृतो दुवस्यत्यथा धर्माणि सनता न दूदुषत् ॥ -ऋ. ३/३/१ ॥

अर्थात् जैसे मरणधर्मा अग्नि प्रकाश, तेज आदि गुणों को धारण करता है **अथ**=अनन्तर कभी उन गणों को, न **दूदुषत्**= नहीं छोड़ता, वैसे, **विपः**=मेधावी जीव (इसी मन्त्र के पूर्व चरण से अध्याहृत विपः पद है) **सनता धर्माणि**=सनातन धर्मों को नहीं छोड़ता।

तात्पर्य हुआ जैसे अग्नि कभी भी देश, काल, परिस्थितिवश अपने दाहकता धर्म को नहीं छोड़ता, वैसे जीव भी देश, काल, परिस्थिति की सीमाओं मे नहीं बँधता। अपने सनातन धर्मों का प्रयत्नपूर्वक पालन करता है। धर्म की नित्यता बताते हुये महाभारत में कहा है-

धर्मो नित्योपवासित्वम् ॥-अनुशास. १४१/३८ ॥

अर्थात् धर्म नित्य सेवनीय है। अपि च-

नित्यो धर्मः सुखदुःखे त्वनित्ये। जीवो नित्यः हेतुरस्य त्वनित्यः ॥-उद्यो. ४०/१२, १३॥

अर्थात् धर्म नित्य है, जीव नित्य है, सुख-दुःख अनित्य हैं एवं इस जीव के बन्धन का निमित्त शरीर अनित्य है।

तात्पर्य स्पष्ट है कि जीव तथा जीव के द्वारा किय जाने वाला धर्माचरण, दोनों नित्य हैं। सुख-दुःख तथा बन्धन का निमित्त नित्य नहीं है, क्योंकि धर्माचरण जीव के लिए लाभप्रद है, अतः वह ही नित्य है। धर्माचरण छोड़ने पर दुःख, न छोड़ने पर सुख होता है, अतः सुख-दुःख अनित्य एवं सुख-दुःख का साधन शरीर भी अनित्य है।

जीव को अपरिवर्तनीय आचरणीय वेदोक्त धर्म उसकी उत्पत्ति के साथ प्राप्त हुए हैं। मन्त्र है-

जातः परेण धर्मणा यत् सवृद्धिः सहाभुवः। पिता यत् कश्यपस्याग्निः श्रद्धा माता मनुः कविः ॥ -साम. ९० ॥

अर्थात् जो यह जीव है वह **परेण**= सर्वोत्कृष्ट पूर्ण (**अन्तो वै परम्,** ऐ.ब्रा. ५/२१), **धर्मणा**=धर्म के साथ उत्पन्न हुआ है एवं वृद्धि दिलाने वाले यज्ञादि कर्मों के साथ उत्पन्न हुआ है। उस ज्ञानी जीव का **पिता**= रक्षक अग्नि है उसकी **माता श्रद्धा**=त्य (**श्रत् इति सत्यनाम,** निघ. ३/१०) है तथा उसका, **कविः**=क्रान्तदर्शन, **मनुः**=वेदज्ञान, (**मनोर्ऋचो भवन्ति,** मैं. २१/५) है।

मन्त्र का भाव स्पष्ट है कि उत्पन्न हुए जीव को जन्म के साथ ही ईश्वरोपासना, वेदज्ञान, यज्ञानुष्ठान एवं सत्यभाषणादि धर्म प्राप्त हुये हैं। यह पृथक् बात है कि जीव अपनी अज्ञानता से पालन न करे। जन्म के साथ प्राप्त हुए धर्मों के आचर से प्राप्त लाभ को प्रतिपादित करने वाला मन्त्र है-

पवस्य देव आयुषगिन्द्रं गच्छतु ते मदः। वायुमारोह धर्मणा ॥ -साम. ४८३ ॥

अर्थात् हे दिव्यगुण युक्त जीव ! **धर्मणा**= धर्म के द्वारा **आयुषग्**=जीवन भर अपने को पवित्र रख तथा तुझे प्रसन्नता एवं ऐश्वर्य प्राप्त होवे और **तू वायुम्**=प्राणों की साधना को, नीर, क्षीर, विवेक को, **आरोह**=प्राप्त कर।

ऋचा का भाव हुआ कि धर्माचरण मनुष्य को पवित्रता, प्रसन्नता, ऐश्वर्य, आयु, द्विव्यता तथा नीर, क्षीर, विवेक प्रदान करता है। वेदोक्त धर्माचरण की **प्रथम=प्रधान धर्म है**। जैसा कि मन्त्र कहता है-

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते हे नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः ॥ -ऋ. १/१६४/५० ॥

अर्थात् विद्वान् जन अग्नि परमात्मा से व भौतिक अग्नि से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की सिद्धि करते हैं। सिद्धि का यह कर्म अनादि धर्म है। विद्वान् इस सिद्धि से सुख प्राप्त करते है। पूर्व कल्प के विद्वान् भी प्रवाह से अग्नि परमात्मा तथा भौतिक अग्नि से उपकार लेते आये हैं।

जीव की उत्पत्ति के साथ इन धर्मों का बृहदारण्यकोपनिषद् में भी आलंकारिक रूप से वर्णन किया गया है। परमात्मा ने अपनी रचना की सार्थकता के लिए ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र वर्गों में विभक्त होने वाले मनुष्य की रचना की। पर परमात्मा अल्पज्ञ मनुष्य के निर्माण (शरीर संरचना) मात्र से सन्तुष्ट न हुआ, क्योंकि मनुष्य संरचना मात्र से समाज का कार्य चलना असम्भव था। समाज की व्यवस्था तो परस्पर संहारक गुणों से ही सम्भव है, अतः उसने उसके धर्मों को भी रचा। वह धर्म क्या था ? उसका प्रतिपादक वचन है-

यो वै स धर्मः सत्यं वै तत्, तस्मात् सत्यं वदन्तमाहुः, धर्मं वदतीति, धर्मं वा वदन्तं सत्यं वदतीति, एतद्धि एव एतत् उभयं भवति ॥-बृहदा. १/४/१४

अर्थात् जो वह धर्म है वह सत्य ही है। इसलिए सत्य बोलते हुए को **'धर्म बोलता है'** यह कहा जाता है। धर्म कहते हुए को **'सत्य कहता है'** यह कहा जाता है। इस प्रकार सत्य और धर्म दोनों एक ही हैं।

उपनिषद्कार ने वेदोक्त समस्त धर्म को सत्य में ही सन्निहित करके धर्म की प्रथमता व महत्ता बतायी है। वेदादि शास्त्रोक्त धारणीय धर्मों का कोई भी मत, सम्प्रदाय विरोध नहीं कर सकता। **यह वैदिक धर्म ही सत्य, सनातन व पूर्ण धर्म है, जो सम्पूर्ण विश्व के उत्थान का हेतु है**। अविरोधी धर्म की परिभाषा इस प्रकार की गयी है-

अविरोधी तु यो धर्मः स धर्मसत्यविक्रमः॥

अर्थात् जिसका कोई विरोधी न हो वह धर्म ही सत्य का मार्ग होता है।

इस परिभाषा में मात्र वैदिक धर्म ही आ पाता है, अन्य मत मतान्तर नहीं, क्योंकि सभी एक दूसरे की काट करने वाले हैं।

इस प्रकार पूर्वोक्त विश्लेषण से ज्ञात

हुआ कि वैदिक धर्म सृष्टि के आदि से चला आ रहा धर्म है। यह किसी परिस्थिति की देन नहीं है और न अत्याचार, अनाचार के विरोध में बनाया गया नियम कानून है। इसके अतिरिक्त आज जितने भी मत-मतान्तर, सम्प्रदाय धर्म के नाम से जाने जा रहे हैं, वे सभी देश, काल, राजनीति आदि परिस्थिति की उपज हैं। यथा-

१) ४५०० वर्ष पुराना जरदुस्त=पारसी मत महाभारत युद्ध की देन है। युद्ध में सभी विद्वान् विचारक मारे गये, फलतः कालान्तर में यह सम्प्रदाय उठ खड़ा हुआ।

२) ३५०० वर्ष पुराना मूसा व इब्राहिम द्वारा सन्चालित यहूदी मत जरदुस्त के बहुदेवतावाद व पाखण्ड से निकला हुआ सम्प्रदाय है।

३) ३००० वर्ष पुराना चारवाक मत यहूदी मत का उपहास स्वरूप है।

४) २५०० वर्ष पुराना जैन मत चारवाकों के भोग-विलासों को देन है।

५) २५०० वर्ष पुराना बौद्ध मत भी सामाजिक पाखण्ड, हिंसा आदि की उपज है।

६) २००५ वर्ष पुराना ईसाई धर्म यहूदियों के अत्याचार और बौद्धों के आडम्बर से उत्पन्न मत है।

७) १४३५ वर्ष से प्रचलित इस्लाम मत सामाजिक कुरीतियों, नैतिक पतन एवं धार्मिक विसंगतियों का परिणाम है।

८) ५०० वर्ष पुराना सिक्ख सम्प्रदाय इस्लाम के सामाजिक, राजनीतिक अत्याचारों का जवाब है।

९) लगभग २०० वर्ष से प्रसिद्धि प्राप्त बहाई मत ईसाइयों की मदोन्मत्तता, धर्मान्धता की देन है।

१०) इसी प्रकार लगभग ६००० वर्ष पुराना नगड़दादा बना हुआ हिन्दू धर्म जिसकी जन्मना जातिभेद, छुआछूत, श्रद्ध आदि पहचान है, वह वैदिक धर्म का विकार है।

इन परस्पर विरोधी विभिन्न परिस्थितियों ने उत्पन्न प्रकृतिवादी, अनीश्वरवादी, ईश्वरवादी, जीवात्मवादी एवं ब्रह्मवादी विभेदक विचारों वाले मतों को मानवीय धर्म के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। ये तो विश्व को हिंसा की आग में झोंकने वाले मत हैं। धर्म वही हो सकता है, जिसमें ईश्वर, जीव, प्रकृति, तीनों का समन्वय हो। यह एकमात्र धर्म वैदिक धर्म है, धर्म दो, चार नहीं होते।

तात्पर्य यह निकला कि हम धर्म के चयन में स्वतन्त्र नहीं हो सकते। वयन=चुनाव वहाँ होता है, जो अपना न हो, अपने से दूर हो, अर्थात् चुनाव द्वारा परायी वस्तु को अपना बनाया जाता है, अभाव को भाव में बदला जाता है। यह चयन धर्म के सम्बन्ध में नहीं लगाया जा सकता क्योंकि यह धर्म तो जीव को उत्पत्ति के साथ प्राप्त धर्म है, जो जीव का सदा साथ रहने वाला आचरणीय आत्मीय गुण है। 'धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः' इस युक्ति की कोटि में हम न आ जायें, एतदर्थ परमात्मा प्रदत्त धर्म ही सबको स्वीकरणीय है।

वेद प्रतिपादित धर्म को त्याग कर नये मतरूप धर्मों का चयन करना एवं धर्मनिरपेक्ष राज्य, शिक्षा, समाज व्यवस्था भगवत्प्राप्ति व न्याय की कल्पना करना 'हम झूठे हैं, झूठ का आदर करते हैं', इसका द्योतक है।

धर्म के सन्दर्भ में यह भी ध्यातव्य है कि हमारे संविधान का २५वाँ अनुच्छेद जिसमें सभी व्यक्तियों को अन्तःकरण की स्वतन्त्रता और धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने और प्रचार करने का समान हक होगा, यह कहा गया है, वह बहिष्कार योग्य है।

आये दिन मन्दिर-मस्जिद के हैं झगड़े रहते। दिल में ईंटें हैं भरी, लब पे खुदा होता है॥

सन्दर्भ

१) श्रुतिस्मृतिविहितो धर्मः। तदलाभे शिष्टाचारः प्रमामम्। शिष्टः पुनरकामात्मा॥
-वसि. धर्म. १/४/६॥

२) धर्मज्ञसमय) प्रमाणं वेदाँश्च॥
-आपः धर्म. १/१/१/२॥

३) श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः। सम्यक् सङ्कल्पजः कामो धर्ममूलमिदं स्मृतम्॥
-याज्ञ. स्मृ. १/७॥

४) मनु. २/६॥ २/१२॥

५) चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः॥ -मीमां, १/१/२॥

...पृ. ८ का शेष

स्पष्ट किया है कि जैसा व्यवहार आप दूसरों से अपने लिये चाहते हो वैसा ही व्यवहार दूसरों के साथ करो, यही धर्म है। यदि यह धर्म सुरक्षित रहता है तो मनुष्य का जीवन भी सुरक्षित रहता है, और यदि यह धर्म नष्ट हो जाता है तो मनुष्य का जीवन भी असुरक्षित हो जाता है। आज मनुष्य स्वयं अपने लिए दूसरों से अहिंसा की यह इच्छा रखता है कि कोई भी मुझे कष्ट न पहुँचावे, मेरी हिंसा न करे, मेरे पैर में कोई कान्टा चुभने न पावे, किन्तु वही व्यक्ति दूसरों के साथ हिंसा का व्यवहार करता है। अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिये दूसरों को कष्ट देने में उसे कोई संकोच नहीं होता है। उसने अपने अहिंसा रूपी धर्म को नष्ट कर दिया, उसकी हत्या कर दी। इसी प्रकार दूसरा व्यक्ति भी अन्य के साथ हिंसा का व्यवहार करता हुआ अपने लिए उससे अहिंसा की अपेक्षा रखता है। दोनों ही व्यक्ति एक दूसरे से अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करने) की इच्छा रखते हैं किन्तु दोनों एक दूसरे के साथ हिंसा झूठ का व्यवहार करते हैं, एक दूसरे के पदार्थों की चोरी करते हैं, धोखा देते हैं। इस प्रकार नष्ट किया हुआ धर्म दोनों को ही मार रहा है अर्थात् नष्ट कर रहा है। **(धर्म एव हतो हन्ति)**

सुरक्षित धर्म से जीवन सुरक्षित :- आज सारे संसार में यही हो रहा है कि मनुष्य एक दूसरे के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है और स्वयं भी दूसरों के दुर्व्यवहार से दुःखी हो रहा है। इसी से तो धर्म के विनाश से मनुष्य का विनाश हो रहा है। इसलिए सावधान करते हुए प्राचीन ऋषियों ने कहा था कि धर्म को नष्ट न करे, धर्म को सुरक्षित रखे, जिससे सुरक्षित धर्म ही हमारी रक्षा करेगा। यदि मनुष्य दूसरों से अपने लिये सत्य व्यवहार चाहता है तो वह स्वयं दूसरों के साथ सत्य बोलेगा तो दूसरे भी उसके साथ सत्य बोलेंगे। जिससे सत्य रूपी धर्म के सुरक्षित रहने से मनुष्य भी सुरक्षित रहेगा, उसे धोखा नहीं होगा। यही धर्म की सुरक्षा में मनुष्य की सुरक्षा है। **(धर्मो रक्षति रक्षितः)**

गरुकुलों की वर्तमान समय में उपयोगिता

-आचार्य डॉ. धारणा याज्ञिकी

मनुष्यलोक, पितृलोक और देवलोक की चर्चा करते हुये बृहदारण्यकोपनिषद् में देवलोक को तीनों लोकों से सर्वोत्तम बताया है। इस देवलोक की प्राप्ति का साधन विद्या है और विद्या की प्राप्ति आचार्य के सान्निध्य में ही भली प्रकार प्राप्त की जा सकती है। शास्त्रों में निर्धारित किया गया कि निश्चित अवस्था में बालक, बालिकाओं को आचार्यकुल या गुरुकुलों में अध्ययन के लिये अवश्य बेजा जाना चाहिये। बालक बालिकायें ब्रह्मचर्यव्रतपूर्वक गुरुकुलवासकर विद्याध्ययन करें।

समाज व राष्ट्र श्रेश, सुयोग्य, सबल और सक्रिय व्यक्तियों से समृद्ध होता है। तथा शिक्षा सामाजिक राष्ट्रीय समृद्धि की आधार शिला होती है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने अपने अमरग्रन्थ सत्यार्थ प्रकाश के अन्त में स्वमन्तव्यामन्तव्य प्रकाश में शिक्षा की परिभाषा करते हुये लिखा कि शिक्षा जिससे विद्या, सभ्यता, धर्मात्मा, जितेन्द्रिय तादि की बढ़ती होवे और अविद्यादि दोष छूटें, उसको शिक्षा कहते हैं। अर्थात् शिक्षा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करती है।

व्यक्ति जन्म से अज्ञानी होता है। शिक्षा द्वारा बच्चों को योग्य, श्रेष्ठ बनाने का प्रयत्न किया जाता है। शतपथ ब्रहाद्रमण का वचन उद्धृत करते हुये महर्षि लिखते हैं कि मातृमान् पितृमानाचार्यवान् पुरुषो वेद, वस्तुतः जब तीन उत्तम शिक्षक अर्थात् एक माता दूसरा पिता और तीसरा आचार्य होवे, तभी मनुष्य ज्ञानवान् होता है। इसी विषय में आगे लिखा है इसीलिये मातृमान् पितृमान् शब्द का ग्रहण उक्त वचन में किया है अर्थात् जन्म से ५वें वर्ष तक बालकों को माता ६ वर्ष से ८वें वर्ष तक पिता शिक्षा करें और नौवें वर्ष के आरम्भ में द्विज अपने सन्तानों का उपनयन करके आचार्यकुल में अर्थात् जहाँ पूर्ण विद्वान् और पूर्ण विदुषी स्त्री शिक्षा और विद्यादान करने वाली हों, वहाँ लड़के और लड़कियों को भेज दें। शिक्षा के लिये मात्र विद्यालय या गुरुकुल भेज देना ही माता पिता का उत्तरदायित्त्व नहीं है। अपितु शिक्षणालय में भेजने से पूर्व बच्चों को सदाचार, सद्गुण, आज्ञापालन आदि धर्माचरण की शिक्षा निरन्तर देकर बच्चों को प्राथमिक शिक्षा में श्लोकोादि कण्ठस्थ कराते रहना चाहिये।

